दैनिक भास्कर 16/12/2022

# जीएमएन कॉलेज में किया ट्रैफिक अवेयरनेस कार्यक्रम



अम्बाला | जीएमएन कॉलेज में ट्रैफिक पुलिस के सहयोग से एनसीसी कैडेट्स गर्ल्स एंड ब्वॉयज के लिए ट्रैफिक अवेयरनेस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ट्रैफिक पुलिस से करनैल सिंह ने रोड सेफ्टी के बारे में कैडेट्स को प्रदूषण, ओवरस्पीड, ड्रिंक एंड ड्राइव, और लाइसेंस से संबंधित अनेक जानकारियां दीं। करनैल सिंह ने बताया कि विद्यार्थियों को वाहन से संबंधित सभी कागजात अपने साथ रखने चाहिए और पकड़े जाने पर भागना नहीं चाहिए, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ जाती है। प्रिंसिपल डॉ. वीके जैन ने विद्यार्थियों को यातायात के नियमों का पूर्ण रूप से पालन करने को कहा। मौके पर ब्वॉयज कैडेट विंग के इंचार्ज कैप्टन एसएस नैन और गर्ल्स कैडेट विंग की इंचार्ज डॉ. अनुपमा सिहाग मौजूद रहीं।